No. of Printed Pages : 12 **BECC–107**

# B. A. (HONOURS) ECONOMICS (BAECH)

## Term-End Examination

## December, 2024

## BECC–107 : STATISTICAL METHODS FOR ECONOMICS

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *Answer questions from all the Sections as per instructions.*

## Section—A

**Note :** Answer any *two* questions from this Section.

2×20=40

1. Discuss the various methods of collection of primary data and secondary data. 20

2. (a) Define the following concepts and give an example of their application : 9

   (i) Geometric Mean

   (ii) Harmonic Mean

   (iii) Weighted Mean

(b) A fashion designer buys fabric rolls at the beginning of every month for ₹ 50,000. Price of the fabric is given in the following table : 11

| Month | Amount Spent (₹) | Fabric Rate (₹) |
|---|---|---|
| 1 | 50,000 | 107·5 |
| 2 | 50,000 | 118 |
| 3 | 50,000 | 140 |
| 4 | 50,000 | 114·5 |
| 5 | 50,000 | 120 |

Calculate the Harmonic Mean.

3. (a) What are the various types of Index numbers ? Why do we need them ? Explain with the help of examples. 8

(b) Explain the steps in the construction of Index numbers. 12

4. Discuss the importance of the sample size in Statistics. How is an appropriate sample size determined ? Explain the process with the help of an example. 20

## Section—B

**Note :** Answer any *four* questions from this Section.

4×12=48

5. Given the following table, prepare a relative frequency distribution and a 'less than' type cumulative frequency distribution : 12

| **Class** | **Frequency** |
|---|---|
| 500–549 | 5 |
| 550–599 | 8 |
| 600–649 | 12 |
| 650–699 | 12 |
| 700–749 | 10 |
| 750–799 | 8 |
| 800–849 | 5 |
| Total | 60 |

6. What is the difference between Arithmetic Mean and Median ? Explain with the help of a hypothetical dataset. 12

7. (a) Explain the measure of kurtosis with the help of diagram and formula. 7

   (b) First four central moments of a distribution are—0, 5, 1·4, 18·75. Examine the skewness and kurtosis of the distribution. 5

8. Define the Spearman's correlation coefficient. Why is Karl Pearson's correlation coefficient not always suitable ? 12

9. Explain the methods of measuring seasonal variations in time series. 12

10. Machines A, B and C are producing bolts in a factory. They produce 25%, 35% and 40% of the total output respectively. However, 6%, 4% and 3% of their respective output are defective. A bolt is drawn at random and is found to be defective. What is the probability that it was produced by (i) Machine A, (ii) Machine B and (iii) Machine C ? 12

11. What is a normal distribution ? Explain with the help of a diagram. Discuss the important features of a normal distribution. 12

## Section—C

12. Distinguish between any *two* of the following :

$2 \times 6 = 12$

(a) Frequency polygon and Frequency curve

(b) Discrete probability distribution and Continuous probability distribution

(c) Stratified random sampling and Systematic random sampling

(d) Estimator and Estimate

# BECC–107

## बी. ए. ( ऑनर्स ) अर्थशास्त्र

## ( बी.ए.ई.सी.एच. )

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2024

## बी.ई.सी.सी.–107 : अर्थशास्त्र की सांख्यिकीय विधियाँ

समय : 3 घण्टे अधिकतम अंक : 100

---

***नोट :*** *सभी भागों में से प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।*

---

### भाग–क

**निर्देश :** इस भाग में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

2×20=40

1. प्राथमिक आँकड़ों और द्वितीयक आँकड़ों के संकलन की विभिन्न विधियों की चर्चा कीजिए। 20

2. (अ) निम्नलिखित अवधारणाओं की परिभाषा दीजिए और उनके अनुप्रयोगों का **एक-एक** उदाहरण भी दीजिए : 9

   (i) गुणोत्तर (ज्यामितिक) माध्य

   (ii) हरात्मक माध्य

   (iii) भारित माध्य

(ब) एक फैशन डिजाइनर प्रत्येक महीने की शुरुआत में ₹ 50,000 के कपड़े के रोल खरीदती है। कपड़े की कीमतें निम्नलिखित तालिका में दी हुई हैं : 11

| माह | खर्च किया मूल्य (₹) | कपड़े की कीमत–दर (₹) |
|---|---|---|
| 1 | 50,000 | 107·5 |
| 2 | 50,000 | 118 |
| 3 | 50,000 | 140 |
| 4 | 50,000 | 114·5 |
| 5 | 50,000 | 120 |

हरात्मक माध्य की गणना कीजिए।

3. (अ) सूचकांक के विभिन्न प्रकार क्या हैं ? हमें उनकी आवश्यकता क्यों है ? उदाहरण की सहायता से समझाइए। 8

(ब) सूचकांकों की रचना के चरणों की व्याख्या कीजिए। 12

4. सांख्यिकी में प्रतिदर्श (नमूना) आकार के महत्व की चर्चा कीजिए। एक उपयुक्त प्रतिदर्श आकार का निर्धारण कैसे होता है ? एक उदाहरण की सहायता से प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। 20

## भाग–ख

**निर्देश :** इस भाग में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

4×12=48

5. दी गई तालिका से सापेक्ष आवृत्ति वितरण और 'से कम' संचयी आवृत्ति वितरण तैयार कीजिए : 12

| **वर्ग** | **आवृत्ति** |
|---|---|
| 500–549 | 5 |
| 550–599 | 8 |
| 600–649 | 12 |
| 650–699 | 12 |
| 700–749 | 10 |
| 750–799 | 8 |
| 800–849 | 5 |
| कुल | 60 |

6. समान्तर माध्य और माध्यिका के बीच क्या अंतर है ? काल्पनिक आँकड़ों के समूह की सहायता से समझाइए। 12

7. (अ) चित्र और सूत्र की सहायता से ककुदता के माप की व्याख्या कीजिए। 7

(ब) एक बंटन (वितरण) के केन्द्रीय आघूर्ण हैं– 0, 5, 1·4, 18·75। इस वितरण के विषमता (वैषम्य) और ककुदता का परीक्षण कीजिए। 5

8. स्पीयरमैन के सहसम्बन्ध गुणांक को परिभाषित कीजिए। कार्ल पियरर्सन का सहसम्बन्ध गुणांक हमेशा उपयुक्त क्यों नहीं है ? 12

9. काल शृंखला में मौसमी विषमता को मापने की विधियों का वर्णन कीजिए। 12

10. एक फैक्ट्री में मशीन A, B और C बोल्ट का उत्पादन कर रही हैं। वह कुल उत्पाद का क्रमशः 25%, 35% और 40% उत्पादन कर रही हैं। हालांकि उनके उत्पादन का क्रमशः 6%, 4% और 3% दोषपूर्ण होता है। एक बोल्ट यादृच्छिक रूप से चुना गया और दोषपूर्ण पाया गया। क्या प्रायिकता है कि वह उत्पादित किया गया– (i) मशीन A द्वारा, (ii) मशीन B द्वारा और (iii) मशीन C द्वारा ? 12

11. एक प्रसामान्य वितरण क्या है ? एक आरेख के द्वारा समझाइए। एक प्रसामान्य वितरण की महत्वपूर्ण विशेषताओं की चर्चा कीजिए। 12

## भाग—ग

12. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में अंतर स्पष्ट कीजिए : 

$2 \times 6 = 12$

(अ) आवृत्ति बहुभुज और आवृत्ति वक्र

(ब) खंडित (विविक्त) प्रायिकता बंटन और सतत् प्रायिकता बंटन

(स) स्तरित यादृच्छिक प्रतिचयन और व्यवस्थित यादृच्छिक प्रतिचयन

(द) आकलक और आकलन

× × × × × × ×